कक्षा नवी

कबीर की साखियां-कार्यपत्रक-1

1. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-
   काबा फिरि कासी भया, रामहिं भया रहीम।
   मोट चून मैदा भया, बैठि कबीरा जीम।।

   i. मनुष्य के मन से धार्मिक भेदभाव मिटने से क्या परीर्वतन हुए?

   ii. दोहे में 'मोट चून' किसे कहा गया है? वह मैदा कैसे बन गया?

   iii. दोहे में प्रयुक्त प्रतीकों को स्पष्ट कीजिए।

2. 'मानसरोवर' से कबीर का क्या आशय है?
3. कबीर ने ईश्वर-प्राप्ति के लिए किन प्रचलित विश्वासों का खंडन किया है?
4. कबीर की साखी में 'विष' और 'अमृत' किसके प्रतीक हैं?
5. कबीर के अनुसार हंस किसका प्रतीकार्थ है? वह अन्यत्र क्यों नहीं जाना चाहता है?
6. सुबरन कलश किसका प्रतीक है? मनुष्य को इससे क्या शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए? साखियाँ एवं सबद के आधार पर लिखिए।
7. कवि ने सच्चे प्रेमी की क्या कसौटी बताई है?
8. तीसरे दोहे में कवि ने किस प्रकार से ज्ञान को महत्व दिया है?
9. इस संसार में सच्चा संत कौन कहलाता है?
10. अंतिम दो दोहों के माध्यम से कबीर ने किस तरह की संकीर्णताओं की ओर संकेत किया है?